# निकाय एआई से करेंगे शिकायतें हल

## निकायों में वसूली के लिए लगेगा शिविर, विभागीय समीक्षा में आयुक्त ने दिए निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 फरवरी. नगरीय निकाय नागरिकों की शिकायतों के जल्द निराकरण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करेंगे, इससे महज दो से तीन घंटे के भीतर समस्याओं और शिकायतों का समाधान किया जा सकेगा.**

इस संबंध में आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास संकेत भोंडवे ने विभागीय समीक्षा के दौरान निर्देश दिए हैं. आयुक्त भोंडवे भौंरी के सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में बुधवार को विभागीय समीक्षा कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी. उन्होंने 25 फरवरी और 15 मार्च को प्रदेश के सभी नगर निगमों में विशेष वसूली शिविर लगाने के निर्देश दिए.

### नगरीय निकायों में वाटर सप्लाई बोर्ड का गठन होगा

आयुक्त ने संसाधन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवाचारी दृष्टिकोण अपनाते हुए उज्जैन, इंदौर और देवास को मिलाकर एक संयुक्त वाटर सप्लाई बोर्ड के गठन के संकेत दिए. उन्होंने अनावश्यक बिजली व्यय रोकने के लिए सुचारू जलापूर्ति वाले क्षेत्रों में ट्यूबवेल बंद करने और शत-प्रतिशत स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए. निगम के वाहनों में ईंधन चोरी रोकने के लिए जीपीएस और फ्यूल गेज की अनिवार्यता तय की. बड़े शहरों जैसे भोपाल, इंदौर और ग्वालियर को ई-व्हीकल संचालन में मॉडल के रूप में विकसित करने और नगर निगमों के कम से कम 5 प्रतिशत वाहनों को सीएनजी पर संचालित करने का लक्ष्य दिया गया. आयुक्त ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निकायों को पुरस्कृत करेंगे, जिससे निकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन मिले. भोंडवे ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 15 मार्च तक एक लाख आवासों के लिए सब्सिडी स्वीकृत और जारी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया. उन्होंने निर्देशित किया कि पीएमएवाई 2.0 के तहत प्रत्येक नगर निगम 31 मार्च तक न्यूनतम तीन डीपीआर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें.

# शाहपुरा थाना प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर को किया निलंबित

**भोपाल, 11 फरवरी.** पुलिस आयुक्त संजय कुमार के निर्देश पर शाहपुरा थाना प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर को निलंबित किया गया. बुधवार देर रात को निलंबन का आदेश सामने आया. लोकेंद्र ठाकुर के निलंबन की वजह शाहपुरा थाने में पांच दिन की अवैध हिरासत और संदेही के थाने से फरार होने के मामले में बताई गई है. मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने प्राथमिक जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर यह निर्णय लिया है. थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ठाकुर के अलावा मामले में थाने के मुंशी और स्क्वॉड के पुलिसकर्मियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है. सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई है कि संदेहियो को लेकर अलग से विभागीय जांच शुरू की गई है.

# कार ने मारी टक्कर, युवक 5 फीट उछला

## सतलापुर का मामला, गाड़ी रिवर्स कर दोबारा कुचला, मौके पर ही मौत

**रायसेन, 11 फरवरी. तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी को टक्कर मार दी. कर्मचारी हवा में 5 फीट तक उछला, फिर सड़क पर आ गिरा. कार ड्राइवर ने गाड़ी रिवर्स की. कर्मचारी उसके पिछले पहिये के नीचे आ गया.**

उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद ड्राइवर कार लेकर भाग निकला.घटना मंडीदीप के सतलापुर थाना इलाके में बुधवार तड़के करीब 5 बजे शिव मल्टीकेयर हॉस्पिटल के सामने की है. इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है.

जिसके आधार पर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया. मृतक की पहचान कृष्ण पाल के रूप में हुई है, जो एचईजी कंपनी में काम करते थे. वे बुधवार सुबह अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ.

### श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो की मौत

**रायसेन, 11 फरवरी.** जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर गढ़ी में मंगलवार शाम 7 :00 बजे गणेश घाटी में ग्राम भिलाड़िया के 32 श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर गैरतगंज के सिद्ध क्षेत्र पठरिया धाम से धार्मिक कार्यक्रम की पूर्णाहुति में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे थे. इस दौरान गढ़ी -मुड़ियाखेड़ा के बीच गणेश घाटी में अचानक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया.हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. 60 वर्षीय महिला अयोध्या बाई आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई. बुधवार सुबह भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान 8 वर्षीय जिया पिता हल्के वीर आदिवासी ही मौत हो गई. 25 लोग घायल हुए हैं. इनमें से 7 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया. राहगीरों ने बमुश्किल ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी.एसडीओपी सोनल गुप्ता ने बताया कि गैरतगंज तहसील के आदिवासी ग्राम भिलाड़िया से आदिवासी समाज के 32 लोग मंगलवार की शाम को धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे. तभी ये हादसा हुआ. खबर लगते ही मौके पर गढ़ी पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र विश्वकर्मा पुलिस बल एवं अन्य सहयोगियों को लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए थे.

### वीडियो से हुई पहचान, कार ड्राइवर गिरफ्तार

सड़क पर लाश पड़े होने की सूचना मिलते ही सतलापुर पुलिस मौके पर पहुंची. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया. थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बताया कि कार चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. वह मंडीदीप का ही रहने वाला है. औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि कार चालक पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है.

# फर्जी भर्ती रैकेट चलाने का आरोप

**भोपाल,11 फरवरी . कांग्रेस नेता विवेक त्रिपाठी ने बुधवार को आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है.**



- कांग्रेस नेता ने पत्रकार वार्ता में किया खुलासा
- जांच व एफआईआर दर्ज करने की मांग

उन्होंने दावा किया कि उद्यमिता विकास केंद्र (सेडमैप), लोक शिक्षण संचालनालय और भोपाल की निजी संस्था ओम पारस मैनपावर सर्विस की कथित मिलीभगत से फर्जी नियुक्तियों का संगठित रैकेट संचालित किया जा रहा है.

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए त्रिपाठी ने बताया कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री कार्यालय सहित स्कूल शिक्षा, श्रम, गृह, एमएसएमई विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय तथा पुलिस महानिदेशक को विस्तृत लिखित शिकायत सौंपकर उच्च स्तरीय जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है.

उन्होंने आरोप लगाया कि लोक शिक्षण विभाग से सेवानिवृत्त प्रथम श्रेणी अधिकारियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से उसी विभाग में दोबारा नियुक्त किया गया और उन्हें 35,000 से 64,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है. इन नियुक्तियों के लिए न तो कोई विज्ञापन जारी किया गया और न ही पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाई गई, जिसे उन्होंने बेरोजगार युवाओं के अधिकारों पर सीधा हमला बताया.

# जनगणना के लिए उप सचिव जीएडी नोडल अधिकारी नामित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 फरवरी.** राज्य शासन द्वारा राज्य स्तरीय जनगणना के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार उप सचिव सामान्य प्रशासन जयेंद्र कुमार विजयवत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है.

विजयवत जनगणना 2027 के दोनों चरणों में शासन स्तर से संपादित किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को समय पर सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं अनुवर्ती कार्यवाही का उत्तरदायित्व निभायेंगे.

# पाठ्यक्रम ऐसा हो, जो स्थानीय जरूरतों को पूरा करे : प्रो . कान्हेरे



**भोपाल, 11 फरवरी. मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल और अनुसूचित जनजातीय शोध एवं ज्ञान केंद्र नई दिल्ली के मध्य हुए एमओयू के अनुक्रम में अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य जिले झाबुआ में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है.**

इसमें वक्ताओं ने कहा कि पाठ्यक्रम का निर्माण इस प्रकार किया जाना चाहिए कि जनजातीय समाज के समग्र विकास में सहयोगी बन सके. यह भी तय किया गया कि पाठ्यक्रम जनजातीय समाज की अस्मिता, अस्तित्व एवं विकास पर केंद्रित हों.

इस अवसर पर प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति के अध्यक्ष प्रो. रविंद्र कान्हेरे ने कहा कि जनजातीय विकास और अध्ययन पर आधारित ऐसे पाठ्यक्रमों का विकास किया जाए जो उनकी संस्कृति भाषा न्याय पद्धति और जीवन पद्धतियों का अध्ययन कर सकें. साथ ही पाठ्यक्रम ऐसे बनें जो उनकी स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करें. हर्ष चौहान, राष्ट्रीय जनजातीय आयोग के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि विश्वविद्यालय जनजातीय विकास पर आधारित ऐसे पाठ्यक्रमों का निर्माण करें, जिससे जनजातीय समाज संस्कृति और साहित्य पर व्यापक अध्ययन किया जा सके.

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मिलिंद दांडेकर ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालयीन शिक्षा का उद्देश्य उन लोगों तक शिक्षा को पहुंचाना है, जहां तक शिक्षा की पहुंच नहीं है. प्रो. विवेक कुमार, आईआईटी नई दिल्ली ने जनजातीय शिक्षा ऐसी होना चाहिए जो जनजातीय समाज के लिए उपयोगी हो.


## उठावना



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी

**श्री हरीश दावड़ा जी**

का स्वर्गवास दिनांक 09 फरवरी 2026 को हो गया है।

**उठावना**

12 फरवरी 2026 (गुरुवार) समय : सायं 4:00 बजे से 5:00 बजे स्थान : E-4 गुरुद्वारा अरेरा कॉलोनी मे रखा गया है।

**शोकाकुल परिवार**

रितु-मनीष चड्ढा (बेटी- दामाद), रिचा-अनिल सलूजा (बेटी- दामाद)
सौरभ – नेहा दावड़ा (पुत्र-पुत्र वधु)
चड्ढा एजेंसिज, चड्ढा टायर
8458800201 / 7987629639


# एमएसपी पर गेहूं खरीदी के लिए 7 मार्च तक होंगे पंजीयन

## कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी करेंगे पंजीयन संबंधी समस्याओं का निराकरण

**बैरसिया, 11 फरवरी. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिये किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो.**

सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है, जो गत वर्ष से 160 रुपये अधिक है. किसान गेहूं उपार्जन पंजीयन से वंचित न रहे. इसके लिए सहायक / कनिष्ठ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी कार्यालय में प्रतिदिन पंजीयन सम्बंधी समस्याओं का तुरंत निराकरण करेंगे. पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है.

वहीं पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है. इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे. प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा.

किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा. सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी. इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा.

> पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा. उपज का भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा. कलेक्टर ने निर्देश दिए है. कि जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों को क्रियाशील रखा जाए, ताकि किसान वहां जाकर आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सकें. इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है. आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा.


### म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल

विज्ञप्ति क्र. 1429 | दिनांक 11.02.2026

**विज्ञप्ति**

प्राधिकरण मुख्यालय एवं संचालित क्षेत्रीय कार्यालय हेतु मुख्य महाप्रबंधक के 02 रिक्त पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति/सेवा-निवृत्ति उपरांत संविदा के माध्यम से किये जाने हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
पूर्णत: भरे हुये आवेदन पत्र जमा करने की **अन्तिम दिनांक 05.03.2026** है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विज्ञप्ति विभागीय वेबसाइट rrda.mp.gov.in पर उपलब्ध है। प्राधिकरण द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति को एवं चयन की समस्त प्रक्रिया को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये निरस्त किया जा सकेगा।

म.प्र. माध्यम/124427/2026 | **मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन)**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम GIRISH SITALDAS KARAMCHANDANI लिखा है जिसे बदलकर GIRISH S KARAMCHANDANI कर दिया है। अब मुझे भविष्य में GIRISH S KARAMCHANDANI S/o SITALDAS GOVINDDAS KARAMCHANDANI नाम से जाना व पहचाना जाएें।

सही: GIRISH S KARAMCHANDANI
Add. 141, Viceroy Rark Colony,
E-8, Bawadia Kalan, Bhopal (MP)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम विजया ठाकुर, पत्नी महेंद्र सिंह ठाकुर, निवासी A-32,सुख सागर फेस-4, मित्तल कॉलेज के पास, करोद, भोपाल (म.प्र.) है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम "विजय बाई" अंकित हो गया है।
अत: भविष्य में "विजय बाई" के स्थान पर "विजया ठाकुर" नाम पढ़ा जाए।

### नाम परिवर्तन

मैं, अशोक कुमार, निवासी- सुमरा खेड़ा, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी, हरियाणा- 127032 कथन करता कि मैं आर्मी में कार्यरत हूं मेरा आर्मी सर्विस नं JC782712Y हैं जिसमें मेरे पुत्र का नाम Harsit Siwach अंकित है जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम Harshit Siwach हैं मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम Harsit Siwach के स्थान पर Harshit Siwach दर्ज किया जावे। शपथ पत्र दिनांक 10.02.2026

### नाम परिवर्तन

मैं, संगीता पत्नि श्री अशोक कुमार, निवासी- सुमरा खेड़ा, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी, हरियाणा - 127032 कथन करती हूं कि मेरे पति आर्मी में कार्यरत हैं जिनका आर्मी सर्विस नं JC782712Y हैं जिसमें मेरा नाम Sangeeta अंकित है जबकि मेरा वास्तविक नाम Sangita हैं मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Sangeeta के स्थान पर Sangita दर्ज किया जावे। शपथ पत्र दिनांक 10.02.2026


# तीन दिन से सर्वर ठप, राशन वितरण बाधित

**सिलवानी.** तहसील क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का सर्वर पिछले तीन दिनों से ठप पड़ा है, जिससे कंट्रोल दुकानों पर राशन वितरण पूरी तरह बाधित हो गया है. सर्वर डाउन होने के कारण करीब 35,562 उपभोक्ता प्रभावित हैं और उन्हें बिना राशन लिए ही लौटना पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार रविवार से सर्वर में तकनीकी खराबी बनी हुई है, जो बुधवार तक भी दूर नहीं हो सकी. तहसील की सभी उचित मूल्य दुकानों पर बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से ही राशन वितरण किया जाता है. सर्वर काम नहीं करने से अंगूठा सत्यापन और ऑनलाइन एंट्री की प्रक्रिया रुक गई है, जिससे वितरण व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई..दूर वर्ग के लोग हैं, जो रोज कमाने-खाने पर निर्भर हैं. कई हितग्राहियों का कहना है कि वे रोज काम छोड़कर राशन लेने आ रहे हैं, लेकिन तीन दिनों से चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें अनाज नहीं मिल पा रहा है.

# भाजपा ने मनाई पं . दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



**मंडीदीप, 11 फरवरी. औद्योगिक नगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई. मुख्य आयोजन वार्ड 01 में एक होटल में किया गया. जिसमे पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा लेने का संकल्प लिया गया .**

वहीं नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंडित उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसमें भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जीवन सिंह पाल, प्रेम शंकर साहू ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए मंडल महामंत्री अमित जैन ने बताया वही शाम को संगठन द्वारा समर्पण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें भाजपा पूर्व जिला महामंत्री रविन्द्र विजयवर्गीय, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविन्द जैन, व जीवनसिंह पाल, पूर्व जिला मंत्री प्रेमशकर साहू व जिला मंत्री प्रार्थना चौहान ने कहा कि अंत्योदय दिवस पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के रूप में मनाया जाता है. आज के दिन देश में गरीबों के उत्थान में तमाम अंत्योदय योजनाएं चल रही हैं.

जीवनसिंह पाल ने पंडित दीनदयाल जी के आदर्शों पर चलकर भाजपा को एक मजबूत संगठन बनाने की बात कही. साथ ही अंतिम पंक्ति में बेठने बाले गरीब वर्ग तक विकास कार्य योजनाओ को लाभान्वित करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर मंडल के महामंत्री राजेश भवरे, नपा पार्षद विनोद चौकसे, सुरेन्द्र जैन, मण्डल उपाध्यक्ष गोकुल सूर्यवंशी, मंत्री जयसिंह मीना, अमित राजपूत, युवा मोर्चा के शुभम खटीक, दीपक शर्मा, बद्री मालवीय, अंकित चौरे, तख्तसिंह मेहर, प्रदीप मारण, सहित अन्य लोग मौजूद रहे.


### कार्यालय अधीक्षक सब जेल पिपरिया जिला नर्मदापुरम (म.प.)

149/ निर्वाह/2026 | पिपरिया दिनांक 09/02/2006

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27**

Email-upjailpipariya@gmail.com, Telephone Number - 7974835549

**ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

**समय सारणी**

म०प्र० जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार कय नियम के अंतर्गत (फार्म (अ) नियम 6 देखिये) समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि सब जेल पिपरिया मे परिरूद्ध बंदियों के लिये वर्ष 2026-27 मे खाद्यान्न, सब्जी, स्वच्छता एवं दवाईयों के कय हेतु वार्षिक निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट http//www.mptenders.gov.in पर दिनांक 22.03.2026 को सांयकाल 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण संबंधित जेल की वेबसाईट पर जाकर निविदा की सूचना प्राप्त कर सकते है । निविदा मे संशोधन की स्थिति मे वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य शर्तों से संबंधित जानकारी उक्त वेबसाईट पर ही देखी जा सकेगी।

जेल अधीक्षक
सब जेल पिपरिया
जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

G25713/25

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश

लिंक रोड 03, पत्रकार कॉलोनी के सामने, भोपाल म.प्र.
Email:- tendersnhmmp@gmail.com

क्रमांक/एन.एच.एम./ स्टोर / E-1085584 / 321 | भोपाल, दिनांक 06.02.2026

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र भोपाल कार्यालय द्वारा ई-निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकर्ता राशि रुपए 2,000/- (रू. दो हजार मात्र) का ऑनलाईन एम.पी. ई-टेण्डर पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है:-

निविदा विवरण

| क्रं | निविदा का नाम | निविदा प्रपत्र क्रय प्राप्त करने की दिनांक | प्रि-विड दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारम्भ दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | निविदा खोले जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Request for Proposal for Selection of an Agency for providing NAT testing in Centralized testing model through Fully Automated Analyzer on Hub and Spoke Model for maximizing the blood safety establishment in Blood Centres of MP. | 12.02.2026 | 20.02.2026 | 27.02.2026 | 09.03.2026 | 10.03.2026 |

विस्तृत विवरण / जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in एवं https://www.nhmmp.gov. पर उपलब्ध है।
(मिशन संचालक, एनएचएम द्वारा अनुमोदित)

उपसंचालक स्टोर
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

G-25715/25


# फैक्ट्री के प्रदूषण से फसलें तबाह

### दीवानगंज के किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत

**सलामतपुर. सांची जनपद क्षेत्र के दीवानगंज में एक फैक्ट्री के जहरीले धुंए ने खेत में खड़ी फसलें तबाह कर दी हैं। वहीं आसपास स्थित सरकारी और प्राइवेट स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी इस जहरीले धुंए ने परेशान कर रखा है.**

इसी मामले में मंगलवार को कई किसान खराब हुई चना, गेहूं की फसल को लेकर रायसेन कलेक्ट्रेट पहुंचे. उन्होंने कहा कि दीवानगंज में मध्य भारत फास्फेट प्रायवेट कंपनी फैक्ट्री के केमिकल युक्त धुंए की वजह से फसलें खराब हो रही है.

फैक्ट्री के आसपास लगी 8 किसानों की तकरीबन 35 एकड़ जमीन की फसलें खराब हो गई हैं.

> हमारे पास भी किसान आए थे तो हमने भी उनसे जांच कराने को कहा है. हम जांच में पूरा सहयोग करेंगे. फैक्ट्री में ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट लगे हुए हैं. यहां से कोई भी जहरीला धुंआ नहीं निकलता है.
> **ओम पाटीदार** फैक्ट्री मैनेजर.


### MADHYA PRADESH POWER GENERATING CO. LTD.

OFFICE OF THE Addl. C.E. (P&W), SHREE SINGAJI THERMAL POWER PROJECT
Dongalia Distt. Khandwa (M.P.), E-mail ID: sepnw.sstpp1@gmail.com

No. : 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/9700 | Dated : 11.02.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER [Website : www.mppgcl.mp.gov.in]**

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) Including GST | EMD & Tender Cost in Rs. | Due Date & Time for Closing Online Submission |
|---|---|---|---|
| Procurement of various size of Gaskets and Stem Packing Rings for Feed water circuits, WDC and High Energy drain valves of Turbine area of 2X660 MW, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. (T-2026_MPPGC_477366_1) | Rs. 27,43,600/- Inclusive of GST | 54,900/- & 1000/- | 17.02.2026 Up to 15:30 hrs. |
| Procurement of Cast Basalt Lined MS Bend for rerouting of bottom ash discharge lines of Unit-4 installed at AHP-II 2X660MW, SSTPP, MPPGCL Dongalia. (T-2026_MPPGC_478653_1) | Rs. 10,84,075/- Inclusive of GST | 21,700/- & 1000/- | 09.03.2026 Up to 15:30 hrs. |
| Procurement of filter bags and cage with venturi for AHP & Mill Reject Handling System, 2X660 MW, Stage-II, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. (T-2026_MPPGC_475891) | Rs. 21,28,720/- Inclusive of GST | 42,600/- & 1000/- | 09.03.2026 Up to 15:30 hrs. |

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at www.mptenders.gov.in

M.P. Madhyam/124432/2026 | //SAVE ELECTRICITY // | SE (P&W)